**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,**
**लखनऊ – 226010**

**संख्या- 36/09/विज्ञापन अनुभाग (ग्यारह)/2026/07-परीक्षा/2026**

लखनऊ : दिनांक : 17 जून, 2026

**शुद्धि-पत्र**

उ0प्र0 के विभिन्न विभागों के नियंत्रणाधीन रिक्त 2285 पदों पर चयन हेतु प्रेषित अधियाचन के क्रम में आयोग द्वारा **विज्ञापन संख्या-07-परीक्षा/2026, सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा (स्नातक स्तरीय) मुख्य परीक्षा (प्रा0अ0प0-2025)/08 के अंतर्गत** कुल रिक्त **2285 पदों** पर चयन हेतु **दिनांक 30-03-2026** को विज्ञापन प्रकाशित किया गया है। उक्त विज्ञापन के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन/ शुल्क जमा करना प्रारम्भ होने की तिथि 29-05-2026, ऑनलाइन आवेदन/ शुल्क जमा /आवेदन सबमिट करने की अंतिम तिथि 18-06-2026 तथा शुल्क समायोजन एवं आवेदन में संशोधन की अंतिम तिथि 25-06-2026 निर्धारित है।

सूच्य है कि आयोग की सूचना संख्या- 24/09/विज्ञापन अनुभाग (ग्यारह)/2026/07-परीक्षा/2026 दिनांक-29-05-2026 द्वारा पूर्व में विज्ञापित पदों के अतिरिक्त विभिन्न विभागों के नियंत्रणाधीन विभिन्न प्रकार के रिक्त 221 पदों को भी उक्त विज्ञापन के अंतर्गत सम्मिलित करते हुये संशोधित कुल 2516 पदों पर चयन हेतु ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किये जा रहे है।

प्रश्नगत विज्ञापन के बिन्दु संख्या-04 में यह उल्लिखित है कि विज्ञापित रिक्तियों की कुल व श्रेणीवार संख्या घट/बढ़ सकती है। तदनुक्रम दिनांक 30-03-2026 को प्रकाशित विज्ञापन की सारणी-1 व 2 में क्रम संख्या-07 पर प्रकाशित उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय कानपुर के नियंत्रणधीन सहायक प्रबंधक (गैर तकनीकी) के 134 पदों के श्रेणीवार विवरण के सापेक्ष विभाग द्वारा रिक्तियों की अद्यतन स्थिति के अनुसार रिक्तियों की संख्या में वृद्धि कर अब 181 पदों पर चयन हेतु संशोधित श्रेणीवार विवरण उपलब्ध कराया गया है। जो निम्नवत है –

## संशोधित 181 पदों के सापेक्ष लम्बवत आरक्षण का विवरण-

| क्र. सं | विभाग का नाम | पदनाम | वेतन बैन्ड/ ग्रेड-पे | अधियाचित कुल रिक्त पदों का आरक्षणवार विवरण | | | | | | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनारक्षित | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए (E.W.S.) | कुल पद | स्थायी/ अस्थायी |
| 01 | उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय उत्तर प्रदेश, कानपुर | सहायक प्रबंधक (गैर तकनीकी ) | लेवल-6, वेतनमान (न्यूनतम): 35400, वेतनमान (अधिकतम) : 112400 | 74 | 39 | 03 | 47 | 18 | 181 | अस्थायी |

## संशोधित 181 पदों के सापेक्ष क्षैतिज आरक्षण का विवरण-

| क्षैतिज आरक्षण का विवरण | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | विभाग का नाम | पदनाम | स्व0 संग्राम सेनानी के आश्रित | दिव्यांगजन / पद संख्या व विभाग द्वारा चिन्हांकित उप श्रेणियां | | | | | सैन्य वियोजित /भूतपूर्व सैनिक | महिला | उत्कृष्ट खिलाड़ियों हेतु |
| | | | | (क) दृष्टिहीनता एवं कम दृष्टिहीनता | (ख) बधिर और श्रवण शक्ति में ह्रास | (ग) प्रमस्तिष्कीय अंगघात, उपचारित कुष्ठ, बौनापन, एसिड आक्रमण पीड़ित और मांसपेशीय दुष्पोषण सहित चलन क्रिया सम्बन्धी निःशक्तताः | (घ) स्वपरायणता, बौद्धिक निःशक्तताः, विशिष्ट अधिगम निःशक्तता और मानसिक अस्वस्थताः | (ड़) खण्ड (क) से (घ) के अधीन आने वाले व्यक्तियों में से बहु निःशक्तताः, जिसके अन्तर्गत प्रत्येक निःशक्तताः के लिए अभिज्ञानित पदों में बधिर-अंधता सम्मिलित है (MD) | | | |
| 01 | उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय उत्तर प्रदेश, कानपुर | सहायक प्रबंधक (गैर तकनीकी ) | 03 | 03 (L.V.) | 02 (H.H.) | 02 (O.A., O.L. L.C., Dw, A.A.V.) | -- | -- | 09 | 36 | 03 |

**नोटः दिनांक 30-03-2026 को प्रकाशित विज्ञापन की सारणी-1 एवं सारणी-2 के स्तम्भ 7 को उक्तानुसार संशोधित समझा जायेगा।**

प्रश्नगत विज्ञापन में पूर्व में विज्ञापित एवं जोड़े गये तथा संशोधित किये गये पदों के अतिरिक्त पंचायतीराज विभाग के नियंत्रणाधीन कर अधिकारी के रिक्त 24 पदों को भी उक्त विज्ञापन में सम्मिलित किया जा रहा है। इस प्रकार उक्त विज्ञापन के अंतर्गत अब संशोधित कुल रिक्त 2587 पदों पर चयन कार्यवाही की जायेगी।

## पंचायतीराज विभाग के नियंत्रणाधीन कर अधिकारी के रिक्त 24 पदों सापेक्ष लम्बवत आरक्षण का विवरण-

| क्र. सं | विभाग का नाम | पदनाम | वेतन बैन्ड/ ग्रेड-पे | अधियाचित कुल रिक्त पदों का आरक्षणवार विवरण | | | | | | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनारक्षित | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए (E.W.S.) | कुल पद | स्थायी/ अस्थायी |
| 01 | पंचायतीराज विभाग | कर अधिकारी | लेवल-6, वेतनमान (न्यूनतम): 9300, वेतनमान (अधिकतम) : 34800, ग्रेड-पे 4200/- | 12 | 05 | 00 | 05 | 02 | 24 | स्थायी |

## पंचायतीराज विभाग के नियंत्रणाधीन कर अधिकारी के रिक्त 24 पदों सापेक्ष क्षैतिज आरक्षण का विवरण-

| क्षैतिज आरक्षण का विवरण | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | विभाग का नाम | पदनाम | स्व0 संग्राम सेनानी के आश्रित | दिव्यांगजन / पद संख्या व विभाग द्वारा चिन्हांकित उप श्रेणियां | | | | | सैन्य वियोजित /भूतपूर्व सैनिक | महिला | उत्कृष्ट खिलाड़ियों हेतु |
| | | | | (क) दृष्टिहीनता एवं कम दृष्टिहीनता | (ख) बधिर और श्रवण शक्ति में ह्यास | (ग) प्रमस्तिष्कीय अंगघात, उपचारित कुष्ठ, बौनापन, एसिड आक्रमण पीड़ित और मांसपेशीय दुष्पोषण सहित चलन क्रिया सम्बन्धी निःशक्तताः | (घ) स्वपरायणता, बौद्धिक निःशक्तताः, विशिष्ट अधिगम निःशक्तता और मानसिक अस्वस्थताः | (ङ) खण्ड (क) से (घ) के अधीन आने वाले व्यक्तियों में से बहु निःशक्तताः, जिसके अन्तर्गत प्रत्येक निःशक्तताः के लिए अभिज्ञानित पदों में बधिर-अंधता सम्मिलित है (MD) | | | |
| 01 | पंचायतीराज विभाग | कर अधिकारी | 00 | 00 (L.V.) | 00 (H.H.) | 00 (O.A., Dw,) | -- | -- | 01 | 04 | 00 |

### 4 -अर्हता-

| क्र सं. | विभाग का नाम | पदनाम | अनिवार्य अर्हता (शैक्षिक) एवं अधिमानी अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | पंचायतीराज विभाग | कर अधिकारी | **अनिवार्य अर्हता (शैक्षिक)-** उत्तर प्रदेश (जिला पंचायत) (केन्द्रीय संक्राम्य संवर्ग) नियमावली, 1966 यथा संशोधित के नियम 5(2) के अनुसार सेवा में **कर अधिकारी** के पद पर सीधी भर्ती के लिये अभ्यर्थी के पास **भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय की उपाधि या राज्य सरकार द्वारा ऐसी उपाधि के समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई अर्हता।** |

### 5- आयु –

| क्र. सं. | विभाग का नाम | पदनाम | आयु की गणना की निर्णायक तिथि/ आयु की उच्च सीमा व निम्न सीमा में शिथिलता (यदि है) |
|---|---|---|---|
| 1 | पंचायतीराज विभाग | कर अधिकारी | सेवा में कर अधिकारी के पद पर सीधी भर्ती के लिये यह आवश्यक है कि अभ्यर्थी ने उस कैलेन्डर वर्ष कि जिसमें रिक्तियां विज्ञापित की जायं, पहली जुलाई को 21 वर्ष की आयु प्राप्त कर ली हो और 40 वर्ष से अधिक की आयु प्राप्त न की हो:<br>प्रतिबन्ध यह है कि स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों और अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों के लिये आयु की अधिकतम सीमा क्रमशः 04 और 05 वर्ष अधिक होगी:<br>प्रतिबन्ध यह भी है कि राज्य सरकार आयोग के परामर्श से किसी उपयुक्त या उच्च अर्हता प्राप्त अभ्यर्थी के पक्ष में आयु सीमा शिथिल कर सकती है : |

सूच्य है कि यह शुद्धि-पत्र आयोग के विज्ञापन संख्या-07-परीक्षा/2026, दिनांक 30-03-2026 के अनुक्रम में निर्गत किया जा रहा है। इसके अंतर्गत आवेदन की प्रक्रिया, आवेदन शुल्क, चयन का आधार एवं विहित शर्तें व अनुदेश वहीं रहेगें, जो पूर्व में प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत प्रकाशित किये गये हैं।

अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या-07-परीक्षा/2026 के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन/ शुल्क जमा/ आवेदन सबमिट करने/ शुल्क समायोजन एवं आवेदन में संशोधन की अंतिम तिथि विस्तारित कर दी गयी हैं, जो निम्नवत हैं-

- **ऑनलाइन आवेदन/ शुल्क जमा /आवेदन सबमिट करने की अंतिम तिथि- 25-06-2026**
- **शुल्क समायोजन एवं आवेदन में संशोधन की अंतिम तिथि- 02-07-2026**

ऐसे अभ्यर्थी जो प्रश्नगत विज्ञापन के सापेक्ष अपना आवेदन अंतिम रूप से सबमिट कर चुके हैं एवं इस शुद्धि-पत्र के माध्यम से विज्ञापित किये जा रहे पदों पर आवेदन हेतु अर्ह एवं इच्छुक हैं, उन्हें पुनः आवेदन करने व शुल्क जमा करने की आवश्यकता नहीं है, परन्तु उनके द्वारा पूर्व में सबमिट किये गये आवेदन पत्र में ही आवेदन में संशोधन की निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अपने आवेदन पत्र को संशोधित करते हुए इस शुद्धि-पत्र में उल्लिखित पदों के सापेक्ष अपना विकल्प एवं समस्त आवेदित पदों के सापेक्ष संशोधित वरीयता अंकित किया जाना अनिवार्य होगा।

यदि इस शुद्धि-पत्र के निर्गमन के पूर्व आवेदन अंतिम रूप से सबमिट कर चुके किसी अभ्यर्थी द्वारा उपरोक्त प्रक्रिया के अनुसार नवीन पदों हेतु विकल्प चयन एवं वरीयता का अंकन नहीं किया जाता है तो ऐसे अभ्यर्थी का विचारण उसके द्वारा पूर्व में आवेदित पदों तथा वरीयता के अनुसार ही किया जाएगा। आयोग द्वारा आवेदन में संशोधन की अंतिम तिथि के उपरान्त इस शुद्धि-पत्र के माध्यम से विज्ञापित नवीन पदों व उनकी वरीयता के सम्बन्ध में कोई भी प्रत्यावेदन अथवा दावा भविष्य में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(हरिकेश चौरसिया)
सचिव।